卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 205 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦6 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हाथी ने किसान को पटकर मार डाला, ग्रामीणों ने काटा हंगामा



रुड़की(उद संवाददाता)। खेत में रखवाली कर रहे एक किसान को हाथी ने पटक पटककर मार डाला। किसान की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने वन चौकी पर जमकर हंगामा काटा और मुआवजा दिए जाने की मांग की। रुड़की सिविल अस्पताल में किसानों ने भी किसान की मौत पर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक बुग्गावाला क्षेत्र के गांव हरिपुर टोंगिया निवासी 65 वर्षीय धर्मू भगत रविवार की रात अपनी खेत पर रखवाली करने गए थे। बताया जा रहा है कि रात में किसी समय खेत में एक हाथी घुस आया। आहट होने पर धर्मू की आंख खुल गई और हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान हाथी ने उन्हें पटक पटककर मार दिया। पास के खेत में रखवाली कर रहे कुछ लोग शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह हाथी को वहां से भगाया। साथ ही सूचना मृतक के परिजनों को दी। सोमवार की सुबह घटना से नाराज ग्रामीणों ने हरिपुर टोंगिया स्थित वन चौकी का घेराव करते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

## गला रेतकर युवती की हत्या

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। हरिद्वार-देहरादून राजमार्ग पर तीन पानी पुलिया के समीप एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। आशंका जताई जा रही है कि गला रेत कर युवती की हत्या गयी है। सूचना पर पुलिस मौके पर शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह राहगीरों ने हरिद्वार देहरादून मार्ग पर युवती का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। घटनास्थल पर खून भी पड़ा हुआ था, जिससे संभावना जताई जा रही है कि इसी स्थान पर किसी धारदार हथियार से युवती का गला रेत कर हत्या की है। युवती की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है। उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है। (शेष पृष्ठ सात पर)



## हथियारों से लैस दबंगों ने घर में मचाया तांडव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम नरपतनगर में धारदार हथियारों से लैस दर्जनभर से अधिक दबंगों ने एक घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया। दबंगों ने परिजनों को डंडों व तलवार से बेहरमी से पीटा। हमले में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला समेत तीन के गंभीर चोटें आई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। उर्मिला पत्नी मुकेश ने बताया कि ग्राम के निवासी एक व्यक्ति से विवाद हो गया था। बाद में ग्राम प्रधान ने दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात कही। रात 8 बजे एक दर्जन से अधिक दबंग घर में घुस आये। आरोप है कि उक्त लोग धारदार हथियारों से लैस थे और उन्होंने घर में तांडव मचाया। जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में सीमा, दिनेश, राकेश,पारुल, मुकेश हरि जीवन, उर्मिला, सुमेश, रशनात अनुज, अंजली को बेरहमी से पीटा। सभी के गंभीर चोटें आई। बताया कि देवरानी सीमा के सिर तलवार मारी गयी। इससे उसका सिर फट गया। सीमा के सिर में 7 टॉके आये है। हरिजीवन विश्वास के सिर में भी गंभीर घाव है। पति मुकेश को भी गंभीर चोटें आई। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बताया जाता है कि हमले (शेष पृष्ठ सात पर)



## गिरवी रखा लाखों का सोना निकला नकली

### पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ज्वैलर्स ने अपने ही परिचित व्यवसायी के पास नकली सोना गिरवी रखकर लाखों का चूना लगा दिया। जांच में जब सोना नकली निकला तो व्यापारी के होश उड़ गये उसने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। रम्पुरा वार्ड नं. 23 निवासी राजेश रस्तोगी पुत्र सुन्दर लाल निवासी की रम्पुरा में मैसर्स सुमित ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। उसका कहना है कि खेड़ा निवासी एक ज्वैलर्स से उसका लम्बे समय से लेन देन चल रहा था। आरोप है कि खेड़ा निवासी उक्त दुकानदार और उसका छोटा भाई कुछ समय पूर्व राजेश के पास 4 सोने की गांठे 3 लाख 35 हजार रूपये में गिरवी रख गये। राजेश का आरोप है कि इसके अलावा ये लोग कारोबार के नाम पर साढ़े तीन लाख रूपये अलग से दस्ती भी ले गये। बाद में इन्होंने दुकान पर आना बंद कर दिया।(शेष पृष्ठ सात पर)

## जूस विक्रेता के घर से हजारों की नगदी और सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में चोरों ने एक घर में धावा बोलकर हजारों की नगदी और सामान पार कर लिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर थाने में दी है। वार्ड नं. सात ट्रांजिट कैम्प निवासी राम चन्द्र सागर पुत्र खचेडू राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आवास विकास शिव शक्ति मंदिर के पास गन्ने के जूस की दुकान चलाता है। रविवार को दिन में करीब एक बजे खाना खाने के लिए घर गया तो तभी उसके घर की छत से (शेष पृष्ठ सात पर)

## चाकू के साथ दो संदिग्ध दबोचे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो संदिग्धों को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक रविवार की रात चौकी रम्पुरा प्रभारी नवीन बुधानी टीम में शामिल कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार पुलिस कर्मी क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। पुलिस किच्छा रोड पहाड़गंज कूड़े के ढेर के पास पहुंची। तभी वहां पर खड़े दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को मौके पर पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक (शेष पृष्ठ सात पर)



## बस में चोरों ने उड़ाए लाखों रुपए के जेवरात

रामनगर(उद संवाददातों)।उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में अब यात्रा करने वाले यात्रियों के सामान की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। ऐसा ही एक मामला रामनगर में देखने को मिला है । उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में सफर कर रहे एक दम्पति के सूटकेस से बस में यात्रा के दौरान अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। मामले में पीड़ित यात्री ने रामनगर कोतवाली पुलिस एवं परिवहन निगम के अधिकारियों पर सहयोग न करने के साथ ही परेशान करने का आरोप लगाया है। ग्राम चौपड़ा अमगढी निवासी हेम सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ रामनगर से उत्तराखंड परिवहन निगम की रामनगर डिपो की बस में दिल्ली के लिए रवाना हुआ था तथा अगले दिन जब दिल्ली पहुंचा तो उसके सूटकेस में रखें सोने के करीब दो लाख रुपए के जेवरात गायब थे। उसका कहना है की सूटकेस में लॉक लगा था लेकिन साइड से कट का निशान लगा हुआ था उसका कहना है कि उसने संबंध में दिल्ली से वापस आकर रामनगर कोतवाली पुलिस एवं सहायक महाप्रबंधक उत्तराखंड परिवहन निगम रामनगर को भी लिखित शिकायत दर्ज कराई लेकिन आज तक कोई (शेष पृष्ठ सात पर)



## पिता पुत्र ने घर में घुसकर परिवार पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फौजी मटकोटा स्थित ग्राम धरमपुर में हथियारों से लैस पिता पुत्र ने एक घर में घुसकर परिवारजनों पर हमला कर दिया। मामले में पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। कोतवाली में दी गयी तहरीर में कृपाल सहाय पुत्र मेवाराम ने कहा कि वह साउण्ड सिस्टम डीजे का काम करता है। विगत रात्रि वह काम पर गया था। घर में उसकी पत्नी बच्चे, बेटी और दामाद थे। रात्रि करीब दस बजे प्रीत विहार निवासी पिता पुत्र तमंचा और चाकू से लैस होकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत कटौती पर चढ़ा भाजपा नेता का पारा

### प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने अभियंता का घेराव कर सुनाई खरी खोटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती पर भाजपा नेता विकास शर्मा का पारा चढ़ गया उन्होंने भूरारानी के लोगों के साथ अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में पहुंचकर उनका घेराव किया और जमकर खरी खोटी सुनाते हुए आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर सीएम से शिकायत की चेतावनी दी। जिस पर मामले को लेकर अभियंता ने तुरंत अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर तलब किया और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। बता दें भूरारानी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से सुबह नौ बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक विद्युत कटौती की जा रही है, जिसके चलते भीषण गर्मी में लोगों का जीना दुश्वार है। लोगों की शिकायत के बावजूद विभाग कोई सुध नहीं ले रहा है। क्षेत्र के लोगों ने मामले से भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा को अवगत कराया जिस पर विकास शर्मा सोमवार को भूरारानी क्षेत्र के लोगों को लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## ईएसआई हॉस्पिटल में मरीजों का हंगामा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मरीजों को बेवजह परेशान किये जाने पर ईएसआई हॉस्पिटल में मरीजों और तीमारदारों ने हंगामा कर दिया जिसके चलते मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने बमुश्किल मजदूरों को शांत किया। आवास विकास स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में सोमवार दोपहर मरीजों और तीमारदारों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान राम अवतार नाम के एक मरीज और अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक रेनू राय के बीच जमकर नोंक झोंक हुई। मरीज का कहना था कि उसकी हालत गंभीर है पिछले चार दिनों से वह रैफर लैटर बनाने के लिए चक्कर काट रहा है। लेकिन उसे रैफर लैटर नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान अन्य मरीजों का भी कहना था कि वह सुबह छह बजे से लाईन में लगते हैं। दस बजे ऑफिस खुलता है। कई घंटों के इंतजार के बाद भी उन्हें रैफर लैटर नहीं दिया जाता। मरीजों ने अस्पाल के स्टाफ पर मरीजों के उपचार में लापरवाही और स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। इस दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हंगामे के चलते मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। चिकित्सा अधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# जंगलों की आग बेकाबू, ग्रामीणों ने भी झोंकी जान

## फायर सीजन में अब तक वनाग्नि की 910 घटनाओं में 1144 हेक्टेयर वन क्षेत्र जले

देहरादून। उत्तराखंड में जंगल की आग बेकाबू हो गई है। जंगलों के धधकने का सिलसिला नहीं थम रहा है। उत्तराखंड में इस फायर सीजन में अब तक 910 घटनाओं में 1144 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 24 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 36 हेक्टेयर वन क्षेत्र को क्षति पहुंची है। वन विभाग की ओर से जंगल में आग लगाने वालों की गिरफ्तारी और मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई भी जारी है। अब तक जंगल में आग लगाने पर वन अपराध के तहत कुल 351 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और 61 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, फायर सीजन में अब तक कुल 910 घटनाओं में 1144 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। पौड़ी से सटे जंगलों में रविवार को भी आग का तांडव मचा रहा। धू-धू कर जल रहे जंगलों के चलते धुंध ही धुंध छाई रही। टेका रोड के बाद आग का भयावह रूप नागदेव के जंगलों में भी देखने को मिला। देखते ही देखते विकराल रूप ले चुकी यह आग कमिश्नर आवास के समीप तक पहुंची। इसी से सटे क्षेत्र में कुछ दूरी पर एसएसबी के भवन भी हैं। इस दौरान दमकल, वन, राजस्व, पुलिस विभाग के कार्मिक आग बुझाने की कवायद में जुटे रहे। पौड़ी के कंडोलिया से सटे खेल विभाग के छात्रावास तक रविवार की सायं को जंगलों की आ धमकी। इससे आग हास्टल के एक कक्ष तक पहुंच गई। आग से हास्टल के एक कमरे में दो बेड जल गए। गनीमत रही की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि हास्टल के समीप के जंगल में अचानक आग हास्टल तक पहुंच गई। यह नजारा देख यहां रहने वाले 11 बच्चे नीचे सुरक्षित स्थान पर आ गए थे। बताया कि आग कि घटना में छात्रावास के एक कमरे में दो बैड चल गए। फायर सर्विस द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। पौड़ी जिले में पर्यटन स्थल कंडोलिया से सटे टेका मार्ग के जंगलों में लगी आग हरियाली को लील गई। शनिवार की सुबह से लगी आग को वन, पुलिस, दमकल विभाग सहित कई अन्य विभागों के कार्मिक बुझाते नजर आए। खुद रात्रि के समय जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान भी आग बुझाने की कवायद में जुटे दिखे। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के चौरास परिसर के समीप ही स्थित कुलपति निवास और प्रोफेसर कालोनी बीते शनिवार रात्रि जंगल की आग की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। रात्रि लगभग दस बजे लगी यह भीषण आग इस आवासीय क्षेत्र के समीप ही बिजली के बड़े ट्रांसफार्मर और हाईटेंशन विद्युत लाइन की ओर भी तेजी से बढ़ रही थी, जिसे देख कुलपति के साथ ही कालोनी में रह रहे सभी प्रोफेसर्स और उनके स्वजन भी तेजी से बढ़ रही आग पर काबू पाने को लेकर अपने-अपने स्तर से प्रयास करते रहे। उधर देहरादून में विकासनगर के पास साहिया क्षेत्र के दातनू जंगल में पिछले दो दिनों से लगी आग पर वन विभाग व ग्रामीण काबू नहीं पा सके हैं। आज ककड़िता छानी में भीम सिंह दातनू एक दो मंजिली देवदार की लकड़ियों से बनी आवासीय छानी भी आग की चपेट में आने से पूरी तरह जल गई। गनीमत यह रही कि ग्रामीणों ने सूझबूझ से छानी में बंधे पशु किसी तरह बाहर निकाल लिए।



**जंगल की आग की सूचना तत्काल दें :** वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही जंगल की आग की सूचना देने के लिए नंबर भी जारी किए गए हैं।18001804141, 0135 2744558 पर काल कर सकते हैं। साथ ही 9389337488 व 7668304788 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य आपदा कंट्रोल रूम देहरादून को भी 9557444486 और हेल्पलाइन 112 पर भी आग की घटना की सूचना दे सकते हैं।

## अणा के जंगल में लगी भयंकर आग अब आबादी तक पहुंची

गरुड़(उद संवाददाता)। मल्ला अणा के जंगल में लगी भयंकर आग आबादी तक पहुंच गई। आग से ग्रामीणों के घास, पीरुल के ढेर स्वाहा हो गए। गौशाला को खाली कर मवेशियों को बमुश्किल बचाया गया। ग्रामीण आग बुझाने के लिए स्वयं आगे आए और वन विभाग को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, राजस्व विभाग, पुलिस कर्मी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पा लिया, अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी।अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि रविवार के दिन में मल्ला अणा के जंगल में लगी आग आबादी तक पहुंच गई। आग से ग्रामीण राम सिंह पुत्र खड़क सिंह व राजेंद्र कुमार पुत्र नरी लाल के घास के तीन-तीन लूटे, लकड़ी के ढेर व पीरुल के ढेर



स्वाहा हो गए। आग ग्रामीणों के आंगन तक पहुंच गई। एक गौशाला से बमुश्किल मवेशियों को निकालकर बचा लिया गया।वही फायर ब्रिगेड की तत्परता और ग्रामीणों के सहयोग से आग से बड़ा हादसा होने से बचाया जा सका।जिपंस भावना दोसाद, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील दोसाद स्वयं ग्रामीणों के साथ आग बुझाने कूद पड़े। सूचना मिलते ही तहसीलदार निशा रानी, राजस्व उप निरीक्षक कुंदन मेहता, रेंजर सुरेंद्र सिंह, एसडीओ सुनील कुमार, अंकित बुडौला, जिपंस भावना दोसाद, सुनील दोसाद, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आदि दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पा लिया। अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। तहसीलदार निशा रानी ने आग लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# सैक्स स्कैंडल कांड में फंसे प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ महिलाओं ने निकाला मशाल जुलूस

देहरादून/हल्द्वानी/नैनीताल। देहरादून में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने जुलूस निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के आह्वान पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की साथियों के साथ भाजपा के सहयोगी और भगौड़े यौन दुराचारी सांसद प्रज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने तथा पीएम मोदी की चुप्पी तोड़ने की मांग की मुहिम, राजधानी दिल्ली से शुरू होकर उत्तराखंड तक पहुंच चुकी है और अब पूरे देश में, इसी तरह आधी आबादी यानी महिलाएं सड़कों पर निकलकर पीएम मोदी की चुप्पी तोड़ने और प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए मांग करेंगी। इस दौरान आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, चन्द्रकला नेगी, निधि नेगी, पुष्पा पंवार, अनिता दास, अनुराधा तिवारी, उर्मिला थापा, पूनम सिंह, सुशील शर्मा, मनकला, सर्वेशवरी, संध्या थापा, पुष्पा रावत, सज्जन दास, नीलम दास, लक्ष्मी, आरती, बेबी, फुलदेई, नीता देवी, हीरा देवी, रमा देवी, शकुन्तला शर्मा, अनीता कोली, सुनीता देवी आदि मौजूद रही। **हल्द्वानी:** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मधु सांगुड़ी के नेतृत्व में रविवार को सैक्स स्कैंडल कांड में फंसे पूर्व पीएम एनडी दवीगैड़ा के पोते एवं भाजपा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ कालाढूंगी चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला। उन्होंने प्रज्ज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी की मांग की। मधु सांगुड़ी ने कहा कि ऐसे दरिंदे को फांसी की सजा होनी चाहिए। इस दौरान राधा आर्या, भागीरथी देवी, मीमांशा आर्या, शशि वर्मा, नीलू नेगी, पुष्पा तिवारी, लता पांडे और मोनिका सती आदि रहीं। वहीं नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी मूर्ति के समीप महिला कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि घटना के एक सप्ताह से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने कहा कि सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। इस मौके पर डॉ. भावना भट्ट, डॉ. सरस्वती खेतवाल, आशा भट्ट, सावित्री सनवाल, धनी दुम्का, कमला फर्त्याल और गीता आदि मौजूद रहे।



## 22 फर्मों की 8.5 करोड़ रूपये की जीएसटी कर चोरी पकड़ी

देहरादून। राज्य कर विभाग ने कागजों में चल रहीं 22 फर्मों की 8.5 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी है, जो प्रदेश में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट और उसके कच्चे माल का कारोबार कर रहीं थीं। इन फर्मों पर जीएसटी टीमों ने दो दिन पहले छापा मारा था और दस्तावेज जब्त किए थे। प्रथम दृष्टया इतनी चोरी पकड़ में आई है। कुछ फर्मों ने 1.65 करोड़ जमा भी करा दिए हैं। राज्य कर विभाग के अफसरों के मुताबिक, कागजों में चल रहीं 22 फर्मों की चेन पकड़ में आई है। तीन मई को जीएसटी की टीमों ने देहरादून, हरिद्वार, रुड़की में एक साथ इन फर्मों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। कुछ माह से इनके लेनदेन पर निगाह रखी जा रही थी। ये फर्में उत्तराखंड से बाहर पंजीकृत फर्मों से बिना माल की वास्तविक आपूर्ति बिल ट्रेडिंग के जरिए बोगस आईटीसी का लाभ लेकर अपनी जीएसटी देयता समायोजित कर रहीं थीं। इन सप्लायर फर्मों की पुरानी चेन की जांच में पाया गया कि आने वाले माल के मुकाबले अधिक सप्लाई मूल्य के ई-वे बिल बनाए गए हैं। छापे में इन प्रतिष्ठानों से दस्तावेज जब्त किए गए थे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से डिजिटल एविडेंस भी एकत्रित किए गए हैं। जिनकी जांच पड़ताल के बाद प्रथम दृष्टया 8.5 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। कुछ फर्मों ने अपनी गलती मानते हुए 1.65 करोड़ जीएसटी मौके पर ही जमा भी करा दिया।जांच टीम में उपायुक्त विनय पांडेय, निखिलेश श्रीवास्तव, अजय बिरथरे, सुरेश कुमार, शिवशंकर यादव, सहायक आयुक्त मनमोहन असवाल, टीका राम, रजनीकांत शाही, राज्य कर अधिकारी ईशा, असद अहमद, गजेंद्र भंडारी शामिल रहे। जीएसटी चोरी में पकड़ी गई 22 फर्मों के मालिकों की संपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है, ताकि उसी हिसाब से वसूली की कार्रवाई की जा सके।

# अस्पताल में विक्षिप्त महिला ने फाड़ी गार्ड की वर्दी

लोहाघाट । लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय का स्टाफ आजकल एक महिला मरीज के आतंक से काफी परेशान है। उप जिला चिकित्सालय में लगभग पांच दिन पहले 108 के जरिए बाराकोट ब्लॉक की एक महिला को अस्पताल पहुंचाया गया था। लेकिन अब ये महिला उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सको, मरीजो और स्टाफ के लिए सर दर्द बन गई है। बताया जा रहा है महिला रविवार को अस्पताल के स्टाफ के साथ-साथ अन्य मरीजों और चिकित्सकों के साथ गाली गलौज और मारपीट पर उतर आई। अस्पताल के गार्ड दीपक मेहता ने जब महिला को समझाने का प्रयास किया तो महिला ने गार्ड पर हमला कर उनकी वर्दी फाड़ दी। यही नहीं महिला चिकित्सकों के साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगी। उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ करन ने बताया कि इस बात की सूचना कई बार पुलिस व प्रशासन को दी गई पर अभी तक महिला को वहां से नहीं हटाया गया है। जिस वजह से अस्पताल प्रबंधन महिला से काफी परेशान है। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस से महिला को नारी निकेतन केंद्र या उसके घर भेजने की मांग की है। चिकित्सकों ने महिला पर जगह-जगह गंदगी करने और अन्य मरीजों के सामान को भी इधर-उधर फेंकने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है महिला अस्पताल के वार्ड के एक बेड पर कब्जा जमा कर बैठ गई है। जिस कारण वार्ड के अन्य मरीज उससे परेशान हैं। महिला को मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। महिला कि पहचान मंजू के रूप में हुई है।



# सुसाइड नोट लिखकर गंगनहर में कूदा बैंककर्मी

रूड़की। 'मैं बीमारी से तंग आ गया हूं। इसलिए अब जीने की इच्छा खत्म हो गई है। मैं गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर रहा हूं।' कैंसर बीमारी से जूझ रहे एक बैंककर्मी ने सुसाइड नोट छोड़कर गंगनहर में छलांग लगा दी। परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जल पुलिस की मदद से बैंककर्मी की गंगनहर में तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस के अनुसार, अनुराग निवासी आकाशदीप एन्क्लेव कॉलोनी, मंगलौर एक सरकारी बैंक में नौकरी करते थे। पिछले करीब दो साल से वह कैंसर से पीड़ित थे। उनका एक अस्पताल में उपचार चल रहा था। वहीं, बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम वह घर से निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह परिजनों के पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह तांशीपुर गांव के पास प्रचानी शिव मंदिर से बात कर रहे हैं। मंदिर में उन्हें एक सुसाइड नोट मिला है और मोबाइल नंबर लिखी एक पर्ची मिली है। पर्ची से नंबर लेकर ही उन्होंने कॉल की है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही सुसाइड नोट पढ़ा। सुसाइड नोट पढ़कर परिजनों के होश उड़ गए। बैंककर्मी के एक रिश्तेदार ने बताया कि सुसाइड नोट में 'मैं कैंसर बीमारी से बहुत परेशान हो चुका हूं और अब जीने की इच्छा खत्म हो गई है। इसलिए मैं गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर रहा हूं। आत्महत्या करने से पहले मैंने मंदिर में पांच सौ रुपये चढ़ाए हैं और एक पर्ची पर घर के मोबाइल नंबर भी लिखे हैं।' जैसी कई बातें लिखी थीं। वहीं, परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी अमरचंद शर्मा ने बताया कि जल पुलिस से बैंककर्मी की गंगनहर में तलाश कराई गई है। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। रविवार की सुबह पुलिस और परिजनों ने गंगनहर किनारे नहाने वाले कुछ बच्चों से किसी के गंगनहर में कूदने के बारे में जानकारी ली। इस बीच बच्चों ने बताया कि शनिवार की शाम उन्होंने एक अंकल को आसफनगर पुल पर खड़ा देखा था। कुछ देर बाद वह अचानक पुल से गायब हो गए। ऐसे में पुलिस आशंका जता रही है कि वह अनुराग ही हो सकते हैं।

# ग्रीन जोन में डिस्पोजल फैक्ट्री लगाने की आखिर कैसे मिली अनुमति?

## प्रदूषण विभाग से एनओसी जारी, संकट में ग्रामीण

–मनोज श्रीवास्तव–

काशीपुर। मुरादाबाद रोड पर आबादी के बीच लग रही डिस्पोजल फैक्ट्री के निमार्ण कार्य में फिलहाल अड़ंगा लगा गया। ग्रामीणों ने मामला सिविल कोर्ट पहुंचा दिया है। आरोप है कि निमार्ण स्थल ग्रीन जोन के दायरे में है। प्रदूषण होने पर ग्रामीण गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। प्रकरण के बारे में परगना मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देकर सरवरखेड़ा रायपुर खुर्द व गंगापुर के ग्रामीणों ने बताया कि गंगापुर स्थित जिंदल रिफायनरी के प्रबंध निदेशक अनुराग जिंदल के पुत्र आराध्य जिंदल द्वारा आबादी के बीच डिस्पोजल फैक्ट्री लगाई जा रही है। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा उपरोक्त तीनों गांवों को ग्रीन जोन में घोषित किया गया है ऐसे में उक्त स्थान पर कोई कारखाना अथवा फैक्ट्री लगाने का औचित्य नहीं होता लेकिन नियम कायदों को ताक पर रखकर आराध्य जिंदल आबादी के समीप फैक्ट्री लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भविष्य में फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण के कारण ग्रामीण गंभीर बीमारियों के शिकार होंगे। इस मामले को लेकर पूर्व में ग्रामीणों ने दर्जनों की तादाद में एक जुट होकर प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश गोस्वामी का कार्यालय में घेराव भी किया था। प्रदूषण विभाग द्वारा इस पर प्रभावी कार्यवाही न किए जाने पर ग्रामीणों ने मामला सिविल कोर्ट पहुंचा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बगैर अनुमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया कि जिस जमीन पर डिस्पोजल प्लांट लगाने के लिए निर्माण कार्य जारी है इसी जमीन के नीचे से होकर नलकूप विभाग की दो पाइप लाइनें जा रही है। इन्हीं पाइप लाइनों से आसपास के किसान खेतों की सिंचाई तथा पेयजल की सुविध ा ले रहे हैं ऐसे में निर्माण कार्य से पानी की पाइपलाइन ध्वस्त होगी और हजारों परिवार प्रभावित होंगे। आश्चर्य तो इस बात का है कि सभी संबंधित विभागों से उद्यमी को निर्माण कार्य के लिए हरी झंडी दे दी गई है।



## खेती की भूमि अभिलेखों में हो गई गैर उपजाऊ

काशीपुर। उद्यमी अनुराग जिंदल ने मुलाकात के दौरान इस बारे में बताया कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का सब्सीट्यूट लगा रहे हैं। प्रदूषण विभाग से उन्हें एनओसी मिल चुकी है। प्रदूषण विभाग की टीम ने मौके पर जाकर इंस्पेक्शन भी कर लिया। राजस्व के अभिलेखों में 143 भी करा लिया गया लेकिन आश्चर्य है कि तीन गांवों की सीमाओं को जोड़ने वाले इस चार एकड़ उपजाऊ भूमि को आखिर गैर उपजाऊ कैसे दर्शाया गया। निर्माण स्थल के आसपास आबादी और दूर-दूर तक किसानों के खेत फैले हुए हैं।

## नलकूप के एसडीओ ने भी आपत्ति से किया इनकार

काशीपुर। नलकूप विभाग के एसडीओ विजय कुमार नेगी से जब इस बारे में जानकारी लिया तो उन्होंने बताया कि चूंकि काश्तकार द्वारा भूमि का सौदा कर दिया गया। ऐसे में उक्त भूमि पर यदि कोई निर्माण होता है और इससे पानी की पाइपलाइन डैमेज होती है तो नुकसान की भरपाई की जाएगी। पाइप लाइन का रूट चेंज किया जाएगा। हालांकि उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिंदल को नोटिस भेजी गई है लेकिन निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की आपत्ति से उन्होंने स्पष्ट इनकार किया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया का जन्म दिवस मनाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा आदर्श कालोनी में महाराजा जस्सा सिंह रामगढिया का जन्म दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया जिसमें रागी ढाड़ी जत्थों ने महाराजा जस्सा सिंह रामगढिया की वीर रस गाथा सुनाई गई।इस अवसर पर रागी जत्थे भाई पथदीप सिंह, सोहसोहन सिंह, गुरबेज सिंह, ढाड़ी जत्था विक्रमजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन व कथा व्याख्यान से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर कथा वचारकों ने कहा कि मुगल राज में लोगों पर बहुत जुल्म हुए। हथियारों के बलबूते लोगों का कत्लेआम कर इस्लाम धर्म कबूलने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। मुगलों ने भारतीय जनमानस को बहुत बेदर्दी से कुचलना शुरू कर दिया। जिसका सिख पंथ द्वारा पुरजोर विरोध किया गया। उस समय मुगलों को टक्कर देने वालों में महाराजा जस्सा सिंह प्रमुख थे। उन्होंने मुगलों का डटकर सामना दिया। महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने मुगलों का हुक्म मानने से इनकार करते हुए हथियार उठाकर उनका डटकर मुकाबला किया और अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता गया। कार्यक्रम में प्रध ान जगजीत सिंह,सचिव सतवीर सिंह, दलजीत सिंह, अशोक सिंह, नत्था सिंह, वर्णजोत सिंह, महेन्द्र कौर, हरमीत कौर, कुलदीप कौर, निच्रू कौर, अरविंद कौर, नरेन्द्र कौर, परमजीत कौर, रवंत कौर, संदीप कौर, सहित सैकड़ों की संगत मौजूद थी।





# वेतन वृद्धि आदेश जारी होने पर बेहड़ का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।पंतनगर विश्वविद्यालय में वेतन बढोत्तरी आदेश जारी होने पर सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों द्वारा विधायक तिलक राज बहेड़ का फूलमाला पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। लैंबर्ट स्क्वायर में सभा को संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि वेतन वृद्धि उनके द्वारा जो प्रयास किया गया उससे कम से कम 25-2600 रुपए प्रति माह की वेतन वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों के लिए आगे भी वह तत्पर रहेंगे। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का ऑडियो इंटरव्यू दिखाते हुए उन्होंने कहा यह पूर्व विधायक का चेहरा है जिसमें यह कह रहे हैं कि यह कल कारखानों के लिए आदेश है विश्वविद्यालय में लागू नहीं होगा और जब आदेश जारी हो जाता है तब कहते हैं कि इसे मैंने कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर कराया और इस तिथि को विश्वविद्यालय के नियंत्रक और श्रम विभाग में जाकर कहते हैं इसे पहले प्रबंधन परिषद में करना चाहिए था। आप लोगों ने अपने मर्जी से यह आदेश क्यों जारी कर दिया। इस तरह का कृत्य बेहद ही निंदनीय है। यूनियन नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय में ईएसआई चिकित्सा व्यवस्था लागू है परंतु कर्मचारियों का समुचित इलाज नहीं हो यहां पर बोनस, अवकाश इत्यादि नहीं मिल रहा हैं। इसको लेकर कार्रवाई किया जाना उचित होगा साथ ही साथ विश्वविद्यालय में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। स्वागत करने वालों में इंटक जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह संतोष कुमार आर के श्रीवास्तव ए 0डी0मिश्रा ,जगदीश कुमार राज नरेंद्र सिंह, मनोहर वाल्मीकि ,राजपाल सिंह विजय कुमार सिंह ,आर0डी0 यादव ,प्रभाकर जोश, जगदीश ,पन्नालाल मुस्लिम, रामसूरत ,लव कुश शर्मा ,अजय चौहान ,जगदीश भगत इत्यादि थे।



# धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति से जुड़ने का बेहतर माध्यम: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पिपलिया न.1 मे चल रहे अखण्ड महानाम संकीर्तन में विधायक शिव अरोरा ने पहुंचकर प्रभु चरणों मे नमन करते हुए समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की, इस दौरान कार्यक्रम मे पहुँचने पर कमेटी सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र भेट कर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अखण्ड नाम कीर्तन प्रभु की भक्ति मे लीन होने का एक सुखद मार्ग है। उन्होंने कहा हमारे बंगाली समाज मे अखंड नाम कीर्तन की काफी मान्यता है जो राधा कृष्ण की भक्ति मे स्वयं को जोड़ने का बेहतर माध्यम है, विध ायक शिव अरोरा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को मुख्य धारा से जोड़ने का बेहतर माध्यम है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल महामंत्री जगदीश विश्वास, राकेश बाला, ज्योतिष बाला, पीकू राय, ओमियों विश्वास, शांति बाला, जयदेव, शुभनकर आदि लोग मौजूद रहे।



# 4305 छात्रों ने दी नीट की परीक्षा

हल्द्वानी। शहर के आठ परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) शांतिपूर्ण संपन्न हुई। नीट के लिए 4438 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 4305 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 133 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शहर के गुरु तेग बहादुर में 692, सेंट थेरेसा में 473, बीयरशिवा में 469, डीएवी पब्लिक स्कूल में 462, निर्मला कांवेंट में 472, नैनी वैली में 470, सिंथिया में 439 और यूनिवर्सल कांवेंट में 828 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सीबीएसई की हल्द्वानी सिटी कॉर्डिनेटर मंजू जोशी ने बताया कि सभी केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# बारिश नहीं होने से एक फीट 11 इंच पहुंचा नैनीझील का जलस्तर

नैनीताल। बर्फबारी न होने और बारिश भी अन्य वर्षों के सापेक्ष कम होने से नैनीझील के जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। रविवार को नैनीझील का जलस्तर एक फीट ग्यारह इंच पहुंच गया है। जो बीते तीन वर्षों में सबसे कम है। इससे पहले वर्ष 2021 में पांच मई को जलस्तर मात्र एक इंच था। मई व जून माह पीक ग्रीष्म पर्यटक सीजन के रूप में जाना जाता है। मैदानी क्षेत्रों में छुट्टियों के बाद यहां पर्यटक गतिविधि अत्यधिक बढ़ जाती है। नैनीझील नगर का मुख्य आकर्षण है। यहां आने वाला पर्यटक नैनीझील में नौकायन जरूर करता है। झील का जलस्तर कम होने से नगर के सौंदर्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी कारण जल स्तर संतुलन भी संबंधित विभाग समेत प्रशासन के लिए चुनौती रहता है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# नगर निकाय चुनाव के लिए संभावित दावेदार हुए सक्रिय

गूलरभोज(उद संवाददाता)।नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवारों ने तैयारियां शुरू कर दी है। नगर पंचायत गूलरभोज अध्यक्ष पद के लिए सामान्य सीट होने की स्थिति में भाजपा से नंदन सिंह कोश्यारी, निवर्तमान अध्यक्ष अनीता दुबे ,संजीव भटेजा एवं आनंद सिंह पानू का नाम सामने आ रहा है । जबकि कांग्रेस पार्टी से किशोर सामंत के नाम की चर्चा जोरों पर हैं एवं कुछ संभावित उम्मीदरों को टिकट न मिलने पर निर्दलीय मैदान में कूदने की भी चर्चा है। नगर पंचायत गूलरभोज में कुल वार्डों की संख्या 7 है जिनमें से एक वार्ड अनुसूचित जाति के लिए एवं एक वार्ड अनुसूचित जनजाति एवं एक वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। गूलरभोज नगर पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 6971 है । देखना दिलचस्प होगा कि इस बार गूलरभोज की जनता किसे नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में चुनती है ?

# दूनागिरी मंदिर तक फैली आग, श्रद्धालुओं में मची भगदड़

## थम नहीं रही जंगलों में लगी आग : कुमाऊं चीफ पीके पात्रो ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया

नैनीताल/अल्मोड़ा। उत्तराखंड में जंगल की आग बेकाबू हो रही है। रविवार को अल्मोड़ा में जंगल की आग का कहर मंदिर तक जा पहुंचा। दूनागिरी मंदिर को अचानक आग की लपटों ने घेर लिया। चारों तरफ से जंगल की आग मंदिर के बिल्कुल करीब पहुंच गई। आग को देखते ही वहां श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि वन विभाग की टीम ने त्वरित मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इससे बड़ी घटना होने से बच गई और श्रद्धालु सुरक्षित बच गए। कुमाऊं चीफ पीके पात्रो, मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं कोको रोशे ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया और उन्होंने वन कर्मियों और अधिकारियों को जल्द आग को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। बता दें कि इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 से ज्यादा घटनाएं





हो चुकी हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत हो चुकी है। वहीं, पांच लोग घायल हो चुके हैं। साथ ही 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। प्रदेश के जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सरकार ने वायु सेना और एनडीआरएफ की मदद लेने का फैसला किया है। जंगल में आग ज्यादा भड़की तो वायु सेना और एनडीआरएफ को मोर्चे पर उतार दिया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वन विभाग ने जंगल की आग पर काबू पाने के लिए तैनात फायर वॉचर और दैनिक कर्मचारियों का बीमा करने का निर्णय लिया है। उत्तराखंड में जंगल की आग ने कहर बरपाया हुआ है। गढ़वाल से कुमाऊं मंडल तक आग विकराल हो गई है। अब तक आग की 910 घटनाओं में 1144 हेक्टेयर से अधिक जंगल जल गया है। प्रदेश के जंगलों में लगी आग थम नहीं रही है। आग पर काबू पाने के लिए एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की भी मदद ली जा रही है। सरकार ने वन मुख्यालय के अधिकारियों को मोर्चे में उतारने के बाद अब जिलाधिकारियों को भी आग की निगरानी के निर्देश दिए हैं। प्रदेशभर में 1,438 फायर क्रू स्टेशन बनाए गए हैं और 3,983 फायर वॉचरों को तैनात किया गया है। इसके बावजूद जंगल जगह-जगह धधक रहे हैं। अब तक गढ़वाल में 482 और कुमाऊं में 355 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि वन्य जीव क्षेत्र में 73 घटनाएं हुई हैं। वनाग्नि की घटनाओं को लेकर वन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 1,144 हेक्टेयर जंगल जलने के बाद भी कोई वन्य जीव झुलसा नहीं, न ही किसी की आग की चपेट में आकर मौत हुई है। रिपोर्ट में पेड़ जलने की भी कोई सूचना नहीं है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, जंगल की आग की वजह से प्रदेश में कहीं से पेड़ जलने की सूचना नहीं है। आग से गिरी सूखी पत्तियां और घास जली है। जंगल की आग से पेड़ों को कोई नुकसान नहीं हुआ। वनाग्नि की गढ़वाल में आरक्षित वन क्षेत्र में 183 और कुमाऊं आरक्षित वन क्षेत्र में 343 घटनाएं हुई हैं, जबकि गढ़वाल में सिविल एवं वन पंचायत क्षेत्र में 172 और कुमाउं में 139 घटनाएं हो चुकी हैं। इससे गढ़वाल में 398 और कुमाऊं में 221 हेक्टेयर वन क्षेत्र में वन संपदा को नुकसान हुआ है।

# सभी नोडल अधिकारी हर दिन देंगे रिपोर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सरकार ने खेतों में फसल कटाई के बाद अवशेषों को जलाने पर रोक लगा दी है। शहरी निकाय भी अपने ठोस कूड़े को वन या वनों के आसपास नहीं जला सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी एक सप्ताह तक हर दिन वनाग्नि की निगरानी करेंगे, जबकि खेतों में फसलों की कटाई के बाद बचे अवशेषों और शहरी निकाय ठोस कूड़े को एक सप्ताह तक नहीं जला सकेंगे। प्रदेश के जंगल आग से लगातार धधक रहे हैं। पौड़ी जिले में एक महिला की आग से झुलसकर मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नाप भूमि में लगी आग से महिला झुलस गई थी। डीएफओ को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उधर, प्रदेश में गढ़वाल से कुमाऊं तक 24 जगह जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इसमें सबसे अधिक 22 घटनाएं कुमाऊं की हैं, जबकि गढ़वाल और वन्यजीव क्षेत्र में एक-एक घटना हुई है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जिलेवार नोडल अधिकारी बनाया गया है। जो हर दिन अपनी रिपोर्ट देंगे। प्रदेश के जंगलों में लगी आग से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। जिन चार लोगों की मौत की पुष्टि है। वहीं, पौड़ी क्षेत्र में आग से झुलसकर जिस महिला की मौत की बात की जा रही है, वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उस प्रकरण की जांच की जा रही है। जबकि घायलों में तीन कुमाऊं एवं एक वन्य जीव क्षेत्र का मामला है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अब तक 351 मुकदमे हुए हैं। इसमें 61 को नामजद किया गया है, जबकि 290 मामले अज्ञात के खिलाफ दर्ज किए गए हैं।

# वनाग्नि में झुलसी बुजुर्ग महिला की मौत

पौड़ी। उत्तराखंड में जंगलों की आग ने अब विकराल रूप धारण कर दिया है। इसी आग की चपेट में आने से 65 वर्षीय महिला बुरी तरह से झुलस गई। आनन फानन में परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने से डाक्टरों ने उसे ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया। जहां देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं, एम्स के पीआरओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि पौड़ी से रेफर महिला 90 से 95 फीसदी आग से झुलसी हुई थी। महिला वैंटिलेटर पर यहां पहुंची थी। एम्स ट्रामा में भर्ती होने के कुछ समय बाद ही महिला की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि परखुंडे (घास के ढेर) को बचाने के चलते महिला आग की चपेट में आ गई। पौड़ी जिला मुख्यालय के जंगलों में बीते दिनों से धधक रही आग अब घरों तक पहुंचने लगी है। बीते शनिवार को पौड़ी तहसील क्षेत्र के बनगढ़स्यूं-2 के थापली गांव के जंगलों में लगी आग खेतों तक पहुंच गई। राजस्व उप निरीक्षक (आरएसआई) राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को थापली गांव के जंगल में आग लगी थी। इसी बीच आग तेजी से खेतों की ओर होते हुए घर के समीप परखुंडे तक पहुंच गई। आग को परखुंडे की ओर आते देख सावित्री देवी (65) घास को उतारने लगी। तभी तेज हवा चली और घास ने आग पकड़ ली। पति कृपाल सिंह व अन्य परिजनों से आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन महिला काफी झुलस चुकी थी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी गंभीर हालत को देखकर चिकित्सकों ने ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया। बताया कि देर रात महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। आरएसआई राजेंद्र सिंह के मुताबिक, दैवीय आपदा के चलते मौत होने पर महिला के परिजनों को आपदा मद से आर्थिक सहायता दी जाएगी।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ॥

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि

समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# दो घरों से चुराए लाखों के जेवर सहित शातिर चोर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर और मंडी क्षेत्र में लाखों रुपए कीमत के जेवर चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 5.50 लाख के जेवरात और हजारों की नकदी भी बरामद की। मामले का खुलासा करते हुए एस पी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि 2 मई को दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार अग्रवाल निवासी मधुवन बिहार, चौकी ट्रांसपोर्टनगर द्वारा कोतवाली में सूचना अंकित करायी कि 28 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर सोने के जेवरात व नकदी करीब 18 हजार की चोरी कर ली गयी। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उनि प्रवीण कुमार के सुपुर्द की। उन्होंने बताया कि 3 मई को कुशीराम पुत्र दीवान राम निवासी जेआर पुरम तल्ली हल्द्वानी मण्डी द्वारा सूचना अंकित



करायी कि 18 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात व नकदी करीब 15 हजार रुपए की चोरी कर ली गयी। मामले की विवेचना उनि बबीता के सुपुर्द की गयी। एस पी सिटी ने बताया कि मामले के शीघ्र खुलासे के लिए उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु सीसीटीवी फुटेज खंगालकर एवं आस-पास पूछताछ करने के बाद होण्डा बाई पास रोड से एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आबिद पुत्र मौ. हुसैन निवासी डांगपुरी थाना गदरपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से दीपक के घर से चुराई छह अंगूठी, एक मंगलसूत्र, दो चौन मय पैंडल व नगद 10 हजार रुपए तथा कुशीराम के घर से चुराए एक जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी कान के झुमके, दो मांग टीका मय चौन बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि शातिर चोर आबिद पर हल्द्वानी व लालकुआं में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि प्रवीण कुमार चौकी प्रभारी मेडिकल, उनि विजय मेहता चौकी प्रभारी मण्डी, उनि बबीता चौकी मण्डी, हेकानि इसरार नबी सीसीटीवी सैल, कानि. अरूण राठौर, चौकी मण्डी शामिल थे।

# डुप्लीकेसी: अपोलो व वेदांता के बाद कहीं एम्स भी ना खुल जाए काशीपुर में !

## हॉल को बना दिया अस्पताल, दे रहे हैं शुगर की दवाई

काशीपुर (उद संवाददाता)। देश के नामी गिरामी अस्पतालों की तर्ज पर यहां काशीपुर में भी अपोलो व वेदांता जैसे कथित अस्पताल खुल चुके हैं जिसमे खुलेआम डग्गामारी करते हुए रोगियों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि भविष्य में कहीं एम्स भी ना खुल जाए काशीपुर में। बता दें कि मुरादाबाद रोड पर फोरलेन के आगे अपोलो एवं जसपुर रोड पर वेदांता संचालित है जहां स्वास्थ्य विभाग के नियम कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। उपरोक्त अस्पतालों में डॉक्टर के चेंबर के सामने नेम प्लेट लगा दी गई है लेकिन इन चेंबर्स में डॉक्टर नहीं बैठते। इस तरह स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काशीपुर का हाल बेहद खराब हो चुका है। अकेले काशीपुर में दो दर्जन से भी अधिक प्राइवेट हॉस्पिटल कथित तौर







पर संचालित है। जानकार बताते हैं कि अधिकांश अस्पताल कमीशन खोरी व दलाली के ढेर पर चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि सुदूर गांवों में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों से अस्पतालों के तार सीधे तौर पर जुड़े हैं। यह झोलाछाप डॉक्टर कमीशन के चक्कर में रोगियों को निजी अस्पतालों में भेजते हैं जहां उनका उपचार के नाम पर आर्थिक दोहन किया जाता है। और तो और अब देश के नामी गिरामी अस्पतालों की यहां डुप्लीकेसी की जाने लगी। अधिकांश मरीज अथवा उनके तीमारदार ऐसे भी हैं जो नामी गिरामी अस्पतालों के भ्रम में इन डॉक्टरों के जाल में फंस जाते हैं। मुरादाबाद रोड पर फोरलेन के आगे पिछले कुछ समय से अपोलो अस्पताल संचालित है। इस अस्पताल में कथित तौर पर शुगर की दवाई दी जा रही है। अस्पताल में बैठे स्टाफ तमीज से रोगियों से बात तक नहीं कर सकते। एक हाल को अस्पताल बना दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस अस्पताल में उपचार के नाम पर खुलकर लूट खसोट हो रहा है। इसी तरह वेदांता नामक कथित अस्पताल में भी उपचार के नाम पर रोगियों का दोहन किया जा रहा है। क्रमशः

## केवीआर कृष्णा एवं अनमोल पर धांधली करने का आरोप

काशीपुर। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के निदेशक द्वारा उत्तराखंड के 10 निजी अस्पतालों की संबद्धता समाप्त करने के बाद कार्रवाई को लेकर प्रदेश में हड़कंप का माहौल है। उपरोक्त सभी अस्पतालों के प्रबंधन पर आरोप है कि चिकित्सा सेवाओं को लेकर प्रपत्रों में भारी खामियां मिली है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के निदेशक ने उपरोक्त सभी 10 अस्पतालों को नोटिस जारी करते हुए अपना पक्ष रखने को एक माह का समय दिया है। इसमें से काशीपुर के तीन अस्पताल शामिल है। गिरीताल रोड पर कृष्णा हॉस्पिटल एवं मुरादाबाद रोड पर अनमोल हॉस्पिटल तथा केवीआर पर गंभीर धांधली के आरोप लगे। डायरेक्टर द्वारा जारी किए गए नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि इस एक माह के भीतर किसी भी नए मरीज का उपचार नहीं किया जाएगा। पुराने रोगियों की सेवाएं जारी रहेगी। सस्पेंड किए गए अस्पतालों के संचालकों से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कैमरे के सामने आने से साफ मना कर दिया।

# नगर निगम चुनाव में फिर खिलेगा कमल: शिव अरोरा

## निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर विधायक ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में निकाय चुनाव के मद्देनजर विधायक शिव अरोरा ने बैठक ली। जिसमे भाजपा उत्तर उत्तरी मंडल व दक्षिणी मंडल के पदाधिकारी, मौजूदा पार्षद, शक्ति केंद्र संयोजक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में जिन क्षेत्रों मे लोग अपने मत बनने से छूट गए ऐसे लोगों के लिए अंतिम अवसर के रूप में अपना वोट बनवाने का एक सप्ताह के लिए जो अभियान लिया गया है। उसीके निमित्त विधायक शिव अरोरा ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई, बैठक में विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव जल्द होने की संभावना है जिसको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी भी अपनी तैयारी में जुट गई है। विधायक ने कहा किसी भी चुनाव का मुख्य आधार अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वोट बनवाना होता है और हम सभी को जैसा पता है कि चुनाव आयोग ने एक सप्ताह का समय वोट बनवाने के लिए दिया है तो यह एक हम सभी के लिए अंतिम अवसर है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी क्षेत्रों मे मतदान केंद्र पर कैंप लगाकर प्रत्येक दिन बैठ रही है। ऐसे में हम सभी को अपनी कमर कस लेनी चाहिए कोई भी वोट बनने से रह गया उनको अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर ले जाकर बीएलओ के पास उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का कार्य करें। सभी कार्यकर्ताओं से अपील की अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची में अधिक से अधिक को जुड़वाने का कार्य करें। पार्टी का प्रत्याशी भाजपा के कार्यकर्ता को यह स्पष्ट पता है कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी अगर कोई है तो वह कमल का फूल कमल का फूल जिस व्यक्ति को मिलेगा और उसको तन्मयता से अपने वार्ड से जिताकर भेजना है। विधायक शिव अरोरा ने कहा नगर निगम क्षेत्र मे कही भी वोट बनाने मे समस्या अगर आ रही है तो वह संबंधित क्षेत्र के सुपर वाइजर या फिर वह स्वयं विधायक को अवगत करवा सकते है। हमारा प्रयास होना चाहिए अधिक से अधिक वोट आगामी निकाय चुनाव को लेकर बने जिससे लोकतंत्र इस पर्व मे मतदान मे अधिक से अधिक लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। विधायक शिव अरोरा ने स्पष्ट किया कि निकाय चुनाव को लेकर भी वार्ड दर वार्ड हर आरक्षण की स्थिति मे प्रत्येक वार्ड मे सामान्य, ओबीसी, महिला, अनुसूचित जाति आरक्षण स्थिति के लिए हर प्रकार के योग्य कार्यकर्त्ता हर आरक्षण कि स्थिति मे विकल्प के रूप मे मौजूद हो। इसको लेकर आने वाले समय मे जल्द भाजपा संगठन स्तर से मंडलो को अवगत करवाया जायेगा किस प्रकार से किस योग्यता के आधार पर दावेदारी पेनल तैयार करना है। विधायक ने कहा कि अभी हमारी प्राथमिकता अधिक से अधिक वोट बनवाने की होनी चाहिए क्योंकि चुनाव मे एक एक वोट व्यक्ति की जीत हार को सुनिश्चित करता है। विधायक ने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए सदैव तैयार रहती है और जब भी निकाय चुनाव का बिगुल बजेगा। हम पूरी ताकत के साथ कार्यकर्ताओ की मेहनत के आधार पर रूद्रपुर नगर निगम मेयर और सभी पार्षदों को जीतकर भेजेंगे ऐसा संकल्प व्यक्त करते है। बैठक मे दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल, जिला महामंत्री अमित नारंग, धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, धीरेंद्र मिश्रा रश्मि रस्तोगी राकेश सिंह अनिल चौहान शालिनी बोरा के के दास, राजेश जगा राधे शर्मा सोनू होने जा सुनील ठुकराल मयंक कक्कड़ निमित्त शर्मा माय सकलानी रॉबिन विश्वास सुनील सिंह प्रीति ग्रोवर आदि लोग मौजूद रहे।






# महिला कांग्रेस ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ निकाला मसाल जुलूस

रूदपुर (उद संवाददाता)। कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी की मांग को लेकर और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो, इसको लेकर महिला कांग्रेस में आक्रोश तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। इधर रुद्रपुर उधम सिंह नगर में भी सैकड़ो महिलाओं ने उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी की मांग की। इससे पूर्व सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ता किच्छा बायपास मार्ग पर संजय नगर खेड़ा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुई, जहां उन्होंने सांसद प्रज्वल रेवन्ना के द्वारा महिलाओं के साथ किए गए कथित दुर्व्यहार एवं उनके साथ किए गए यौन शोषण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर प्रधानमंत्री मोदी का बरद हस्त प्राप्त है । इसलिए उनकी गिरफ्तारी संभव नहीं है। यहां उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं , तो दूसरी तरफ बेटियों की अस्मिता से खेलने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जहां अंकिता भंडारी मणिपुर में महिला को निबस्त्र घुमाना,और दिल्ली में रेसलर के साथ हुई घृणित कार्रवाइयों के विरुद्ध प्रधानमंत्री मोदी आज तक कुछ नहीं बोल पाए, अपनी चुप्पी वह आज तक नहीं तोड़ पाए। वह आज तक मौन है, ऐसे प्रधानमंत्री को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है, बाद में दर्जनों महिलाओं ने मसाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सपना गिल, यूथ कांग्रेस की प्रदेश सचिव और यूथ कांग्रेस की कोऑर्डिनेटर सोफिया मनी, निगम की पूर्व पार्षद प्रीति साना,सरोज रानी, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, ममता शर्मा, सुनीता तिवारी, सुनीताआर्य, बेबी, गंगा देवी, मीनू ढाली, संगीता अधिकारी, अंकिता अधिकारी, विनोदिनी, आरती,कंचन,भूपेंद्र कौर, मधुबाला, तुलसी, मिठ्ठू,उषा, रीता विश्वास,मोनिका विश्वास, गीता, सुनीता, सरोज, अनीता, कुलदीप, सोनू शर्मा, सुनीता, प्रेम,सुचित्रा, सुनीता सैनी, ममता, किरण, प्रेमा, मीनू, किरण मलिक, सहित दर्जनों अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।





# ऑपरेशन स्माइल टीम ने एक वर्ष से लापता व्यक्ति को किया बरामद

हल्द्वानी। ऑपरेशन स्माइल टीम ने एक वर्ष से गुमशुदा व्यक्ति को बरामद कर उसे परिजनों के मिलाया। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा गुमशुदाओं की तलाश व पुनर्वास हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत ऑपरेशन स्माइल के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने थाना मुखानी क्षेत्र से गत 16 अप्रैल 2023 से अपने घर से लापता भुवन चंद्र जोशी पुत्र विशन दत्त जोशी निवासी सरस्वती एनक्लेव, रेनबो स्कूल के पास, बिठोरिया नंबर 1, मुखानी को रामनगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।



# नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का 102 रोगियों ने उठाया लाभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।ऑफिसर कालोनी केनाल रोड में आयोजित नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर में 102 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने बताया शिविर में 20% गठिया एवं जोड़ों के दर्द के रोगी, 30 प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 15प्रतिशत त्वचा रोगी, 10प्रतिशत पेट के रोगी, शेष सामान्य रोगी थे। शिविर में नि:शुल्क शुगर जाँच, न्यूरोपेथी जाँच भी की गई। शिविर में मनीषा,नीरज दुम्का,जिया ने सहयोग किया।



# गुरूद्वारा नानकमत्ता प्रबंध कमेटी के विवाद में डीएम से कार्रवाई की मांग

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति पर सदस्यों ने ऐतराज जताया है। निवर्तमान अध्यक्ष हरबंश सिंह चुघ के समर्थक सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष जोगिंदर सिंह संधू का विरोध करते हुए उनके मनोनयन को असंवैधानिक बताते हुए मामले में जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। रविवार शाम एक निजी होटल में गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बीते 28 मार्च को बाबा तरसेम सिंह की हत्या होने के बाद दुर्भावना के तहत मामले में डॉ. चुघ को नामजद किया गया। इससे आहत होकर 16 अप्रैल को चुघ ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे पर विचार करने के लिए उपाध्यक्ष कमलेश कौर ने 27 अप्रैल को पत्र जारी कर लिखित मत मांगे। इसके इतर जनरल सेक्रेटारी ने 28 अप्रैल को एक पत्र जारी कर पांच मई को बैठक बुलाकर सभी सदस्यों को इस पर फैसला लेने की बात कही। दो मई को गदरपुर गुरुद्वारे में बैठक और डायरेक्टरों की सहमति के बाद अध्यक्ष ने ईमेल के जरिये अपना त्याग पत्र वापस ले लिया। आरोप लगाया कि रविवार बैठक में बिना रायशुमारी के हरबंश सिंह चुघ का इस्तीफा मंजूर कर नए अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई, जबकि 16 सदस्य उनके इस्तीफे को नामंजूर कर अपने शपथपत्र लेकर पहुंचे थे। कहा कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति असांविधानिक है। किसी भी अध्यक्ष को हटाने के लिए उपाध्यक्ष की मौजूदगी में कमेटी के सदस्यों की बैठक होती है। आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने दबंगई व कूटरचित तरीके से नए अध्यक्ष की नियुक्ति की है। उन्होंने जोगिंदर पक्ष के सदस्यों पर अभद्रता व मारपीट करने का भी आरोप लगाया। वहां अध्यक्ष डॉ. हरबंश सिंह चुघ, उपाध्यक्ष कमलेश कौर, निर्मल सिंह हंसपाल, प्रीतपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, गुरमीत सिंह, पलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, गुरसेवक सिंह आदि शामिल थे।



# जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने रविवार को अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश कतई न करने के निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिये 04 पुलिस वॉच टावर बनाये गये है, जिसमे सुरक्षा बल तैनात पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर ब्रेकअप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोडेगें। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिस्ट, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, आदि मौजूद थे।



# वनाग्नि और पेयजल संकट पर विधायक सुमित ने जताई चिंता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट पर विधायक सुमित हृदयेश ने चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार को पेयजल संकट से निपटने के लिए समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए। आमजान पानी की संकट से त्रस्त हो चुका है परंतु राज्य की सरकार अभी भी गहरी नींद में सोई हुई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे सरकार को आम जनमानस ती परेशानियों से कोई लेना देना ही नहीं है। परंतु इसका जवाब भी आने वाले निकाय चुनावो में जनता जरूर देगी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वे बार बार एक ही बात बोलते हैं कि सरकार को तुरंत ट्यूबबेलो का इंतजाम, जल संरक्षण करना चाहिए जिससे पानी का संकट कम हो सके और जनता को राहत मिल सके। उन्होंने वनाग्नि से लगातार हर रोज कई हेक्टेयर जंगल जल रहें है जिसके कारण अब मानव क्षति भी होने लगी है। परंतु इसकी रोकथाम में सरकार नाकाम साबित होती दिख रही है। प्रदेश का वन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग इस मामले में कहीं नहीं दिखता है। आग से धधकती प्रदेश की अमूल्य वन सम्पदा के साथ ही हमारे वन्य पशु, वृक्ष वनस्पतियां, जल स्रोत और यहां तक कि ग्लेशियर भी इस भीषण दावानल से संकट में है। उन्होंने कहा कि कभी यह आग ग्रामीण रिहायशी इलाकों तक पहुँच जाने से जनहानि और ग्रामीणों के मवेशीयों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वन विभाग और उसकी अग्निशमन शाखा और उसके कर्तव्यों और उसकी तैयारी इस बार भी शून्य है। ऐसे संवेदनशील विषय पर सरकार का कोई दृष्टिकोण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है न कोई विजन। जो प्रदेश के लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है।



# बेगुल डैम की सफाई पर दो राज्यों के अफसरों में असहमति

## जलाशय में सिल्ट जमा होने से डूब रहे शक्तिफार्म के गांव

सितारगंज(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के दर्जनों गांव बरसात के दिनों में बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। जिससे जनहानि के साथ ही आर्थिक हानि भी पहुंचती है। बैगुल डैम में गिरने वाले नाले और जलाशय की सफाई नहीं होने के कारण बरसात का पानी ओवरफ्लो होकर आबादी को डूबा रहा है। बैगुल जलाशय में सिल्ट की सफाई होने को लेकर दोनों राज्यों के अफसर के बीच सहमति नहीं बन सकी है जिस वजह से बाढ़ के हालात जस के तस बने हुए हैं। क्षेत्र में बहने वाली कैलाश और बैगुल नदी में बाढ़ आने से किसने की फसल, आबादी, भूमि बर्बाद हो जाती है। पूर्व में भू कटाव रोकने के लिए सिंचाई विभाग ने कई परियोजनाओं पर काम किया है लेकिन बाढ़ की दिक्कत से ग्रामीणों को निजात नहीं मिल सकी है। कैलाश नदी की बाढ़ से सिडकुल, उकरोली से लेकर चीकाघाट तक बाढ़ का कहर रहता है। वही बैगुल नदी की बाढ़ से भक्तिनगर से लेकर गोठा तक बाढ़ तबाही मचाती है। दोनों नदियों की बाढ़ से अगर ग्रामीण बचते हैं तो बैगुल डैम से निकलने वाले नाले आबादी को डूबा देते है। बेगुल डैम उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है। पूर्व में सिंचाई विभाग के अफसर और प्रशासनिक अफसर की संयुक्त टीम में शक्ति फार्म क्षेत्र के गांव को बाढ़ से बचने के लिए बैगुल डैम से और उससे निकलने वाले नालों की सफाई को लेकर रायशुमारी की गई थी। जिसमें तय किया गया था कि जलाशय से सिल्ट की सफाई होने पर गांवों में बाढ़ का खतरा कम हो जाएगा। लेकिन उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने डैम की सफाई को लेकर संयुक्त मीटिंग में डैम की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इनकार कर दिया है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दीपचंद पंत ने बताया कि बाढ़ सुरक्षा के करीब 50 प्रस्ताव बनाकर भेजे गए है। बेगूल डैम की सफाई को लेकर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अफसरों में सहमति नहीं बनी है।

# कृत्रिम अंग के लिए 30 दिव्यांग चिन्हित किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के विवेकानंद सेवा केन्द्र का रूद्रा कांटीनेंटल होटल के पास शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ के मौके पर संस्था की ओर से नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का कई दिव्यांगजनों ने लाभ उठाया। शिविर में कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए 30 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया और उन्हें कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए नाप ली गयी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि चिन्हित दिव्यांगों को आगामी 19 मई को कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेंगे। सेवा केन्द्र पर हर दो माह में इस तरह का शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर



डा. एसपी सिंघल, सीमा सिंघल, नरेन्द्र अरोरा, मनोज अरोरा, हरनाम चौधरी, संजय राधू, वीरेन्द्र सुखीजा, हरीश ग्रोवर, अजय गहलौत, अभि अग्रवाल, डा. अरूण अग्रवाल, मनीष मित्तल, विमल अरोरा, संजय खेड़ा, स्नेह राध ,ललित मोहन, अरविंद अग्रवाल, सीमा खेड़ा, अंजु ग्रोवर आदि मौजूद थे।

# मतदाता सूचियों में संशोधन करने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा नेता संजीव सिंह ने मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए बनाए गए केंद्रों का वार्ड वासियों के बुलावे पर निरीक्षण किया । मतदाता सूची संशोधित करने वाले केंद्र प्रभारी से वार्ता कर मतदाता सूचियों में संशोधन से संबंधित आ रही कमियों को दूर करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आम मतदाताओं को सूची संशोधन की जानकारी उपलब्ध न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता की गई तथा वार्ता के दौरान उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही समाचार पत्रों के माध्यम से एवं एलाउंसमेंट के माध्यम से आम नागरिकों को मतदाता सूची संशोधन की एवं छूटे लोगों को सूचना देकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा स्थानीय निकाय चुनाव में किसी भी मतदाता को मतदान करने से वंचित होने नहीं दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संजीव सिंह ने बंडिया में वार्ड वासियों के बुलावे पर प्राइमरी स्कूल के आसपास पहले गंदगी के लिए उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता की जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका को तत्काल साफ सफाई अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया तथा मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए दावों के छिड़काव का आदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप सिंह के साथ धनंजय सिंह, मणी बिष्ट, संजय यादव, ब्रह्मानंद पुरोहित, देवेंद्र शर्मा, मोहन कोहली आदि लोग उपस्थित थे।



# शराब की दुकान खुलने से महिलायें आक्रोशित

खटीमा। एसडीएम के निर्देश के बावजूद बिगराबाग में रविवार सुबह शराब की दुकान खुलने पर आक्रोशित जनता ने सड़क जाम कर दी। चिलचिलाती धूप के बीच लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन कर शराब विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि वे गांवों में शराब की भट्ठियां नहीं पहुंचने देंगे। एक तरफ राज्य को शराब मुक्त करने के दावे किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ गांवों में शराब की दुकानें खोली जा रही हैं। खटीमा बाईपास से कुछ दूरी पर बिगराबाग गांव में ग्रामीणों के विरोध के बाद एसडीएम ने शनिवार शाम शराब की दुकान बंद करवाने का आश्वासन दिया था। रविवार सुबह शराब की दुकान खुली देख गांव की महिलाओं और पुरुषों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सभी दुकान बंद करवाने के लिए पहुंचे। उन्होंने शराब की दुकान के आगे सड़क पर बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान लोगों से पुलिस से कहासुनी हुई। आक्रोशित लोगों ने कहा कि शराब की दुकान खुलने से गांव के युवाओं को नशे की लत पड़ सकती है। इससे क्षेत्र में चोरी, मारपीट और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं भी बढ़ेगी। वहां पर नमीता सामंत, निशा राणा, सरिता देवी, जानकी चिलकोटी, सरिता देवी, प्रदीप सिहं, मुकुल मेहरा, गोकुल मेहरा, कलावती देवी, मनोज यादव, सपना राणा, दीपा अधिकारी आदि थे।

# आदेश अध्यक्ष और विनोद महामंत्री मनोनीत

देहरादून(उद संवाददाता)। पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड की एक आवश्यक बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में देहरादून महानगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें आदेश गुप्ता को अध्यक्ष विनोद नेगी को महामंत्री मनोनीत किया गया। जबकि नबील हसन को सचिव मनमोहन आहुजा को संरक्षक मंडल सदस्य बनाया गया। इसके साथ ही अभिनय क्रिस्टी,प्रमोद बंसल,बीरेन्द्र रावत,रियान खान,राजीव चौहान,खालिक,शाहनवाज खान आदि ने सदस्यता ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा राजधानी में संगठन को मजबूत बनाया जायेगा। तथा पत्रकार हितों के लिए संगठन सक्रियता के साथ कार्य करेगा।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डां मदन मोहन पाठक ने देहरादून टीम को शुभकामनाएं दी और संगठन की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

## पेज एक का शेष...

**हाथी ने किसान को ...**हंगामा किया। सूचना मिलते ही बुग्गावाला पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया। पुलिस ने शव को रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहीं सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान सिविल अस्पताल पहुंचे और किसान की मौत पर जमकर हंगामा किया। वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह हंगामा कर रहे किसानों को शांत किया। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हो पाई। एसओ बुग्गावाला मनोज शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही मामला भी शांत कर दिया गया था।

**बस में चोरों ने उड़ाये...**कार्रवाई नहीं की गई है। उसका यह भी आरोप है कि रोडवेज की बस में दो कैमरे भी लगे थे जिसमें एक कैमरा खराब होने के साथ ही दूसरे कैमरे की चिप गायब थी। यात्री का आरोप है कि रामनगर पुलिस द्वारा ना तो इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और ना ही उसकी तहरीर रिसीव की गई है। यात्री ने उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में हुई इस घटना के बाद यात्रियों की समान की सुरक्षा पर कई सवाल उत्तराखंड परिवहन निगम पर करते हुए बसों में सफर करने वाली यात्रियों से सावधान व सतर्क रहने की अपील की है । वही मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि उक्त प्रकरण में घटना स्थल रामनगर क्षेत्र का नहीं है लेकिन फिर भी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**हथियारों से लैस...**के दौरान पुलिस को सूचना दी थी, मगर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़िता के मुताबिक सूचना के बावजूद पुलिस नहीं पहुंची, पुलिस पहुंच जाती तो घटना नहीं होती। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

**विद्युत कटौती पर चढ़ा...**अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी के कार्यालय जा धमके और उनका घेराव कर खरी खोटी सुनाई। विकास शर्मा का कहना था कि भीषण गर्मी से जनता पहले ही बेहाल है। उपर से अघोषित विद्युत कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। लोगों का कारोबार भी चौपट हो रहा है। अभियंता ने एसडीओ ओर जेई को मौके पर बुलाकर समस्या के सम्बंध में जानकारी ली तो उन्होंनें बताया कि फीडर का काम चल रहा है जिस कारण कटौती हो रही है। भाजपा नेता विकास शर्मा ने व्यवस्था को शीघ्र दुरूस्त करने को कहा जिस पर विद्युत अधिकारियों ने फीडर का काम पूरा होने तक प्रात: 7 से 12 बजे तक ही कटौती करने का आश्वासन दिया। विकास शर्मा ने कहा कि व्यवस्था जल्द ठीक नहीं हुई तो मामले की शिकायत सीएम पुष्कर सिंह धामी से की जायेगी। इस दौरान उनके साथ पासर चुघ, सुशील चौहान, कपिल कालरा, पवन खुराना, भरत अग्रवाल, मुकुल झा, अनिल वर्मा, विनाद जैन, अनिल शाह, तरूण गहलौत, योगेश भारद्वाज, हरजीत सिंह, मनीष बावरा, विजय परूथी, रवि कालरा, मनोज ढींगरा, सन्नी अरोरा, रोहित कालरा, जतिन छाबड़ा, नवीन अग्रवाल, अमन कालरा, अमित कालरा आदि शामिल थे।

**ईएसआई हास्पिटल में ....**हंगामा शांत किया और दोनों पक्षों की बात सुनी। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक रेनू राय का कहना था कि वह नियमानुसार काम कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग अनावश्यक दबाव बनाकर काम काज को प्रभावित कर रहे है। उनका कहना था कि कुछ मरीज उनके साथ गली गलौच और धक्का मुक्की पर उतारू हो गये जिस कारण उन्हें पुलिस बुलानी पड़ी। इस दौरान विरोध करने वालों में मान सिंह, राम बहादुर, सुशील, कविता, मनोज, गौतम समेत कई लोग शामिल थे।

**गिरवी रखा लाखों का ...** पीड़ित दुकानदार के मुताबिक कुछ दिन पूर्व उसे जानकारी में आया कि कुछ सुनार नकली सोने के आभूषण गिरबी रखकर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं, जिस पर उसे शक हुआ और उसने गिरवी रखे गये सोने के आभूषणों की जाँच की तो पता चला कि सोने के आभूषणों में कुछ गांठों में सोने के आभूषण नकली है। सोना गिरवी रखकर गये दोनों भाईयों को बुलाकर इस बारे में बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी होने के कारण उन्हें ऐसा करना पड़ा। पैसे वापस मांगने पर उक्त दोनों हत्या की धमकी देने लगे। पीड़ित ने पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है।

**गला रेतकर युवती....**सहायक पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी ने बताया कि मामले के हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी।

**चाकू के साथ...**दोनों के पास से तलाशी लेने पर चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम संजीव कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी प्रीत विहार रुद्रपुर, रविन्द्र गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी प्रीत विहार फेस 2 थाना रुद्रपुर बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

**पिता पुत्र ने ...**घर में घुस आये और आते ही घर पर मौजूद सभी लोगों से मारपीट करने लगे। हमले में पत्नी नेकसिया देवी का हाथ टूट गया। शोर शराबा सुनकर पड़ोस के लोग एकत्र हो गये जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है।

**जूस विक्रेता के घर...**एक व्यक्ति भागता हुआ नजर आया। जब उसने अपने घर में जाकर देखा तो गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सामान अस्त व्यस्त था।अलमारी में चेक किया तो वहां से 10 हजार 300 रूपये की नगदी के अलावा एक जूसर, एक किम्सी, मौसमी की मशीन, कूकर, खाने के बर्तन, रसोई गैस सिलेण्डर, आदि गायब थे। पीड़ित ने मामले में कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है।

# इस्कॉन के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का हुआ निधन

देहरादून। इस्कॉन इंडिया के चेयरमैन संत गोपालकृष्ण गोस्वामी का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। संत गोपालकृष्ण गोस्वामी इस्कॉन की ओर से बनाए जा रहे बांके बिहारी मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देहरादून आए थे। कार्यक्रम के बाद बाथरूम में फिसलने से उन्हें चोट आई थी। डॉक्टरों के मुताबिक, इससे उनके फेफड़े पंक्चर हो गए थे। वह हृदय संबंधी बीमारियों से भी ग्रसित थे। उनके पार्थिव शरीर को इस्कॉन के पदाधिकारी अपने साथ दिल्ली स्थित ईस्ट ऑफ कैलाश मंदिर ले गए हैं। छह मई की सुबह तक पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। इसके बाद संत को वृंदावन में भू–समाधि दी जाएगी। ॉन इंडिया के चेयरमैन संत गोपालकृष्ण गोस्वामी देहरादून प्रवास पर आए थे। इस दौरान वह बाथरूम में फिसल गए थे। आनन–फानन में उन्हें इस्कॉन पदाधिकारियों ने सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वैष्णो सक्सेना अपनी मनमानी करता है और मुझे तरह–तरह से परेशान और दुखी करता है। समझाने पर मारपीट करता है। उसके कृत्यों से दुखी और परेशान होकर मैंने उसे अपनी हर प्रकार की चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उसके साथ नाते रिश्ते खत्म कर दिये हैं। आज के बाद मेरे पुत्र का मेरी किसी भी प्रकार की चल–अचल संपत्ति से किसी प्रकार कोई वास्ता और सरोकार नहीं रहेगा।

शकुंतला सक्सेना पत्नी श्री राजकुमार सक्सेना
निवासी–म0न0–394ए भूरारानी, रूद्रपुर,
जिला–उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# सड़क किनारे खड़ा मिनी ट्रक जलकर स्वाहा, लाखों का नुकसान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र में जंगल की आग की चपेट में एक माल वाहक आ गया है। उसमें लदा राशन आदि भी जलकर खाक हो गया है। दमकल तथा पुलिस के जवानों ने आग को नियंत्रित किया। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल कठायतबाड़ा के समीप वाहन संख्या यूके–01–सीए–0633 मिनी ट्रक खड़ा था। पास के जंगल में आग लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां से आग की चिंगारी माल वाहक तक पहुंच गई। जिसमें वाहन



धूं–धूंकर जलने लगा। आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। वहां खड़े वाहनों को हटाया गया। पिंडारी रोड पर आने वाले वाहनों को भी एक किमी दूर रोक दिया गया। फायर तथा पुलिस के जवान आग को नियंत्रित करने में जुट गए। लेकिन माल वाहक को बचाया नहीं जा सका। जबकि आसपास के घरों तक आग को फैलने से नियंत्रित कर लिया गया। जिससे बड़ी घटना टल गई।

# पुल के नीचे पड़ा मिला शव

रूड़की। हरिद्वार के रुड़की में उस समय हड़कंप मच गया जब सोलानी नदी के पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मृतक के शव की शिनाख्त में जुट गई है। घटना रविवार की है। मामले को लेकर एसपी देहात स्वपन किशोर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोलानी नदी के पुल के नीचे अज्ञात शव मिला है। मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुल के नीचे से मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी देहात स्वपन किशोर सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया व्यक्ति को चाकुओं से गोद कर मारा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक को दुर्गा चौक के आसपास भी देखा गया था। फिलहाल मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# 'नैनी झील' पर मडराने लगे जल 'संकट के बादल'

## नैनी झील के जलागम क्षेत्रों से अनियंत्रित जल दोहन भीषण गर्मी में भी जारी, इंच दर इंच रोज घट रहा है झील का जलस्तर, एक बार फिर जलस्तर के शून्य तक पहुंचने के बन रहे आसार



- अर्श-

नैनीताल। दिनों दिन विकराल होती गर्मी के चलते उत्तराखंड के इको सिस्टम पर इन दिनों बड़ा खतरा मंडरा रहा है। एक तरफ जहां जंगल की आग तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद काबू में नहीं आ रही है, वही दूसरी ओर दिनों दिन चढ़ते पर पारे के करण ग्लेशियर की बर्फ तेजी से पिघलने का खतरा बढ़ने लगा है। साथ ही नैनीताल स्थित सूबे की ऐतिहासिक नैनी झील का जलस्तर भी तेजी से घटने लगा है ।ज्ञात हो कि जल संस्थान द्वारा नैनी झील के जलागम क्षेत्रों से रोजाना पेयजल को 8 लाख लीटर पानी का दोहन रोजाना किया जा रहा है, जिसके चलते नैनी झील का जलस्तर निर्धारित मानक से 10 फीट नीचे तकरीबन 10 फीट नीचे पहुंच गया है जाहिर है कि यदि सरकार द्वारा नैनी झील के जलागम क्षेत्र से किये जा रहे अनियंत्रित जल दोहन को समय रहते नहीं रोका गया, तो प्रदेश की ऐतिहासिक झील का जलस्तर एक बार फिर शून्य को छू जाएगा। आश्चर्य नहीं होगा जो अगर यह अविवेकपूर्ण जल दोहन नैनी झील के जलस्तर को वर्ष 2016-17 की स्थिति में पहुंचा दे। दरअसल, नैनी झील के जल स्तर के कम होने की कहानी एक, दो या तीन साल पुरानी नहीं है बल्कि पिछले 20सालों में नैनी झील कई दफा शून्य में समा चुकी है। सेंटर फॉर इकोलॉजी डेवलपमेंट एंड रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार साल 2003 से 2017 के बीच नैनी झील 10 बार शून्य के स्तर पर पहुंच चुकी है। विदित हो कि झील की सतह स्तर 90.99 फीट मानी जाती है। जब पानी इससे 12 फीट नीचे चला जाता है तो इसे शून्य स्तर माना जाता है। इस वर्ष वर्षा ऋतु की समाप्ति के समय अर्थात अगस्त-सितम्बर माह में नैनी झील अपने मानक के अनुसार 12 फीट तक भर गई थी, लेकिन इन सात माह के अंतराल में झील का जल स्तर 10 फीट नीचे पहुंच गया है ।अब हालात कुछ ऐसे हैं कि हर रोज इंच-दर-इंच पानी घट रहा है। हर रोज कम हो रहे नैनी झील के जल स्तर से चिंताएं बढ़ने लगी है। वर्ष 2017 की गर्मियों में झील का जो विचलित करने वाला रूप देखा गया था ,ऐन वैसी ही आशंकाएं इस बार भी जन्म लेने लगी है ।वह इसलिए क्योंकि रोजाना 8 लाख लीटर पानी का दोहन झील के जलागम क्षेत्रों से जल संस्थान द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में पर्यावरणविदों ने जलागम क्षेत्रों से रोजाना हो रहे जल दोहन पर नियंत्रण कर पानी लगातार रोस्टर से वितरित करने पर बल दिया है। जाहिर है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में भी उत्तराखंड की प्राचीन झील सिकुड़कर बहुत ही छोटी हो जाएगी ।हालांकि शासन -प्रशासन एवं समाज के बुद्धिजीवी तबके सहित आम जन में भी यह समझ बनी है कि जल दोहन नियंत्रित कर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए और इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा कार्य योजना बना कर गंभीर प्रयास किये जाना जरूरी है। साथ ही जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता की प्रयास भी अब अपरिहार्य हो गए हैं ।स्पष्ट है कि अगर ऐसे सामयिक प्रयास नहीं किये गये तो जीवनदायिनी झील को बचा पाना आने वाले समय में कठिन हो जायेगा। हालांकि बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मानसून वर्षा अच्छी हुई थी, जिसके चलते नैनी झील पुनः अपने स्वरूप में आ गई थी। बावजूद इसके नैनी झील का जल स्तर इस समय तकरीबन 7 फीट नीचे तक पहुंच गया है । यद्यपि इससे पूर्व झील की इस हालत को लेकर स्थानीय नागरिक एवं पर्यावरणविद ही नहीं बल्कि पीएमओ कार्यालय सहित प्रदेश सरकार भी अपनी चिंता जाहिर कर कर चुकी है ,तथापि इसके बाद भी यहां कोई ठोस नीति अब तक नही बन सकी।मानसून के बाद से अब तक नैनीताल में पर्याप्त वर्षा नही होने से जहां झील पूरी तरह रिचार्ज नहीं हो पाई है , वहीं जल संस्थान झील के जलागम क्षेत्रों से रोजाना लाखों लीटर पानी नलकूपों के माध्यम से निकाल रहा है। याद रहे कि नैनी झील 40 प्रतिशत भूमिगत जल से तथा 60 प्रतिशत बरसात के जल से रिचार्ज होती है। बता दें कि सूखाताल झील से लगे बारापत्थर स्नोव्यू व पालिटेक्निक की पहाड़ियां नैनी झील का जलागम क्षेत्र है । बरसात में इन क्षेत्रों के जल स्रोतों व बरसात के पानी से सूखाताल रिचार्ज होती है। भू वैज्ञानिकों के मुताबिक सूखाताल झील से पानी भूमिगत होकर नैनी झील को रिचार्ज करता है ,लिहाजा अगर अब भी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो गर्मियों में जल संकट गहराने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पर्यावरणविद् प्रो। अजय रावत के अनुसार का झील में लगातार गाद भरने से इसका जल संग्रहण क्षेत्र संकुचित हो गया है। सरकारी तंत्र को पानी के लिये अत्यधिक जल दोहन झील के जलागम क्षेत्रों से नहीं करना चाहिये। झील के मानवीय कारणों से जल स्तर कम होने को गंभीरता से लेना होगा।

# समाजसेवी गाबा ने पाट दिये सड़क पर मुसीबत बने गड्ढे

## तसला,फावड़ा, सीमेंट रेता लेकर जुटे सुशील गाबा तो व्यापारी भी आगे आये



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर की सबसे व्यस्त सड़क मानी जाने वाली काशीपुर बाइपास रोड पर विगत पांच दिनों से मुसीबत का सबब बने दो गड्ढों को रविवार रात्रि समाजसेवी सुशील गाबा ने खुद अपने हाथों से पाट कर हजारों लोगों को राहत प्रदान की। ज्ञातव्य हो कि काशीपुर बाईपास रोड को नगर की सबसे व्यस्त यातायात वाली सड़क पर 6 प्रमुख स्कूल सहित पूरा ग्रामीण मंडल एवं कालोनिया सहित बाजार का व्यापार भी डिपेंड रहता है। विगत 5 दिनों से इस सड़क में बने दो बड़े गड्ढों को काम के बाद पाटा नहीं गया था, जिसके चलते कई दोपहिया वाहन, टुकटुक आदि पलटने से लोग चोटिल हो चुके थे। यातायात पुलिस ने इस सड़क का आधा भाग पर एक अवरोधक लगा कर दुर्घटनाओं को तो रोका, लेकिन इससे 5 मिनट का रास्ता तय करने में 45 मिनट लगने लगे। इन सब स्थितियों में विगत रात्रि समाजसेवी सुशील गाबा आगे आए। अपनी लक्जरी गाड़ी में सीमेंट, रेता, बजरी लादकर वो बाइपास रोड पर पहुंचे और देखते ही देखते अपने हाथों से मसाला बनाने लगे। यह देखकर कई व्यापारी भी वहां पहुंच गए और गाबा का हाथ बटाने लगे। कोई गड्ढों की सफाई करने लगा, तो कोई पानी भर ले आया। किसी के हाथ में कन्नी थी तो किसी के हाथ में फावड़ा। देखते ही देखते गड्ढे भर गए और सुबह से यातायात सुचारू हो गया । वहां से गुजरने वाले हजारों लोगों ने राहत की सांस ली। सोशल मीडिया पर भी इसका वीडियो छा गया। श्री गाबा का सहयोग करने वालों में समाज सेवी राजन राठौर, मनोज अरोड़ा, कपिल सचदेवा, अंकित ढींगरा, सूरज हीरा ,आयुष्मान गाबा, कृष्णा गाबा शामिल रहे।

# छुट्टी पूरी कर लौट रहा जवान अभी तक नहीं पहुंचा ड्यूटी

कपकोट/बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद बागेश्वर के अंतर्गत कपकोट में एक सैनिक रणजीत सिंह पुत्र गोविंद सिंह उम्र 42 वर्ष जो कुछ दिन पूर्व छुट्टी में घर आया था । यहां छुट्टी खत्म होने के बाद वो डूयूटी में लौट रहे थे।जो घर से वापस ड्यूटी पर लौटने के बाद भी अब तक अपने कैम्प कार्यालय में नही पहुंच पाए है। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के रौजौरी में1तैनात 12 कुमाऊं रेजिमेंट में कार्यरत हैं। रणजीत सिंह कपकोट से 30अप्रैल को टैक्सी वाहन से काठगोदाम के लिए रवाना हुए। जहां से उन्हें जम्मू ट्रैजिड कैंप में रिपोर्ट दर्ज करने थी ,वही हल्द्वानी पहुंचने पर उनकी पत्नी दुर्गा देवी ने 30अप्रैल को 3.30साय अंतिम बार बात की थी । उसके बाद किसी भी प्रकार से बात नहीं हो पाई।जिसके बाद लगातार परिजन उनकी खोजबीन में जुट गए, जहाँ पांच दिन बीतने के बाद भी लापता सैनिक रणजीत सिंह का कोई पता नही चल पाया है, रणजीत सिंह के तीन बच्चे है जिनमें दो लड़की एक लड़का है, उनकी गुमसुदगी के बाद परिवार वालों का रोवरो कर बुरा हाल है।परिजनों ने उनकी गुमसुदगी की प्राथमिकी पुलिस में लिखाई है, जहाँ पुलिस भी लापता हुए सैनिक की तलाश में जुट गई है।वही मामले में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रणजीत सिंह की पत्नी से टेलीफोनिक बात की और जल्दी से खोजने का आश्वासन दिया। वही उनकी गुमसुदगी की सूचना आर्मी हेडक्वार्टर को भी दी गई है।

